भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*308

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन का विकास

†*308. श्री कामाख्या प्रसाद तासा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और विरासत स्थलों के फलस्वरूप वहां पर्यटन की अत्यधिक संभावनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई नई स्कीम या योजनाएं कार्यान्वित की हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत कौन-कौन सी पहल की गई हैं;

(ङ) क्या सरकार की पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने, उत्तर-पूर्वी राज्यों में निर्बाध यात्रा की सुविधा प्रदान करने और इस क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं वाली बुनियादी अवसंरचना का विकास करने के लिए कोई योजना प्रस्तावित है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*308 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख): जी हां। पर्यटकों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) से (च): पर्यटन मंत्रालय अपनी ओर से किए जा रहे निरंतर प्रयास के हिस्से के तहत, संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और त्योहारों के आयोजन हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के राज्यों सहित भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है।

पर्यटन मंत्रालय वर्ष 2013 से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का आयोजन कर रहा है। आईटीएम एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों दोनों हेतु उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को उजागर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह आयोजन क्रेताओं, विक्रेताओं, मीडिया, सरकारी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और परस्पर संवाद को बढ़ावा देने के लिए आठ उत्तर-पूर्वी राज्यों, अर्थात असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम से पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों और उद्यमियों को एक साथ लाने वाले एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। 13 से 16 नवंबर 2025 को गंगटोक, सिक्किम में पिछला आईटीएम आयोजित किया गया था। इसके अतिरिक्त, विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत की गई पहलों सहित उठाए गए कदम निम्नानुसार हैं:

(i) अतुल्य भारत डिजिटल मंच-पर्यटन मंत्रालय ने वेब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पर्यटकों से जुड़ने के लिए सितंबर, 2024 में अतुल्य भारत वेबसाइट को आईआईडीपी के नाम से नया रूप दिया है। अतुल्य भारत वेबसाइट पर हिंदी, अंग्रेजी और संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं में सामग्री उपलब्ध है। वेबसाइट उत्तर-पूर्वी राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां के पर्यटन स्थलों से संबंधित जानकारी को प्रदर्शित करती है।

(ii) पर्यटन मंत्रालय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन करता है। उत्तर-पूर्वी स्थलों से संबंधित रचनात्मक लेख, लाइव सत्र, ट्वीट आदि नियमित रूप से पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडलों पर डाले जाते हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय उत्तर-पूर्वी राज्यों के पर्यटन स्थलों और उत्पादों को प्रदर्शित करने वाली प्रचार संबंधी सामग्री भी तैयार करता है।

(iii) मेलों और महोत्सवों के आयोजन हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) - पर्यटन मंत्रालय डीपीपीएच योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए उत्तर-पूर्वी राज्यों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता की सूची **अनुबंध-II** में है।

(iv) पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता', 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक योजनाओं के तहत देश में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचनाओं और सुविधाओं के विकास के लिए उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के

विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है। उपर्युक्त योजनाओं के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग के साथ समन्वय में स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) लागू करता है। पर्यटन मंत्रालय एसएपी के तहत उत्तर-पूर्वी राज्यों सहित अन्य स्थानों में भी स्वच्छता-जागरूकता कार्यक्रम संचालित करता है। वर्ष 2025-26 के दौरान, आईआईटीटीएम, केंद्रीय आईएचएम, राज्य के आईएचएम और एफसीआई के माध्यम से (i) पर्यटक जागरूकता (ii) छात्र जागरूकता (iii) हितधारक जागरूकता की श्रेणियों के तहत 200 एसएपी संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके साथ-साथ, जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशानुसार, पर्यटन मंत्रालय हर वर्ष सितंबर और अक्टूबर माह में स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) कार्यक्रम का आयोजन करता है। वर्ष 2025 में, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सहित पूरे भारत में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 277 गतिविधियां और एसएचएस के तहत 244 गतिविधियां आयोजित की गईं।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सहित अखिल भारतीय आधार पर प्रभावी हवाई संपर्क के लिए, नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई यात्रा को किफायती बनाने हेतु आरसीएस-उड़ान योजना शुरू की है और पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों तक हवाई संपर्क बेहतर बनाने के लिए चैंपियन सेवा क्षेत्र योजना के तहत व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण की सहायता देकर इसमें सहयोग किया है। इस पहल के तहत, निम्नलिखित उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के मार्गों को पर्यटन-आरसीएस मार्गों के रूप में शामिल किया गया है: डिब्रूगढ़-दीमापुर, दीमापुर-डिब्रूगढ़, दीमापुर-इम्फाल, इम्फाल-दीमापुर, अगरतला-आइजोल, आइजोल-अगरतला, डिब्रूगढ़-इम्फाल, इम्फाल-डिब्रूगढ़, होलोंगी-गुवाहाटी और गुवाहाटी-होलोंगी।

****

अनुबंध-I

श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*308 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

2025 में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में पर्यटकों के आगमन की संख्या			
क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**घरेलू पर्यटक आगमन (डीटीवी)**	**विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीवी)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	913383	4582
2.	असम	9055943	33858
3.	मणिपुर	25281	2892
4.	मेघालय	1848239	7116
5.	मिजोरम	828223	11484
6.	नगालैंड	127428	5425
7.	सिक्किम	1654838	68992
8.	त्रिपुरा	681103	27320
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में जनवरी-जून 2026 में पर्यटकों के आगमन की संख्या			
क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**डीटीवी**	**एफटीवी**
1.	अरुणाचल प्रदेश	627084	2372
2.	असम	4604112	32471
3.	मणिपुर	12744	1219
4.	मेघालय*	515320	2516
5.	मिजोरम	494362	7389
6.	नगालैंड	27305	1131
7.	सिक्किम	2352725	43734
8.	त्रिपुरा	384453	9424
स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग			
*मेघालय राज्य से जनवरी से मार्च 2026 तक के आंकड़े प्राप्त हुए।			

****

अनुबंध-II

श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*308 के भाग (ग) से (च) के उत्तर में **विवरण**

डीपीपीएच योजना के तहत जिन मेलों और महोत्सवों के लिए सीएफए का विस्तार किया गया है, उनकी राज्यवार सूची:

(लाख रु. में)

राज्य का नाम	वर्ष	मेलों एवं महोत्सवों का नाम	स्वीकृत राशि
असम	2016-17	(i) रास महोत्सव, माजुली (ii) बोडो राष्ट्रीय महोत्सव (iii) रोंगाली महोत्सव	35.00
	2018-19	अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन	25.00
		रोंगाली महोत्सव	25.00
	2021-22	भोगली महोत्सव	25.00
		रोंगाली महोत्सव	25.00
अरुणाचल प्रदेश	2014-15	न्योकुम महोत्सव	14.00
	2015-16	(i) कामेंग नदी इको-पर्यटन महोत्सव (ii) मेंचुका एडवेंचर फेस्टिवल और (iii) ऑरेंज फेस्टिवल डंबुक	30.00
	2017-18	(i) तवांग महोत्सव (ii) मेंचुका एडवेंचर फेस्टिवल (iii) ऑरेंज फेस्टिवल डंबुक	40.00
	2018-19	बसार संगम 3.0 महोत्सव	20.00
	2019-20	रिवर ट्राइब्स का एंगलिंग फेस्टिवल	25.00
		एमआईएओ में तितली सम्मेलन	25.00
	2020-21	पैडल से पक्के तक	25.00
	2021-22	ईस्टर्नली एसेंस लेडम महोत्सव	25.00
		संगीत और एडवेंचर का ऑरेंज फेस्टिवल	25.00
	2022-23	सी डोनयी महोत्सव	25.00
		ऑरेंज फेस्टिवल	25.00
	2024-25	अरोमा ऑफ अरुणाचल प्रदेश	50.00
	2025-26	इको हार्मोनी	30.00
		फेस्ट ऑफ अरुणाचल	50.00
मणिपुर	2014-15	मणिपुरी महोत्सव और युवा, एडवेंचर एवं जल क्रीड़ा महोत्सव	50.00
	2015-16	मणिपुर संगाई महोत्सव और युवा, एडवेंचर और जल क्रीड़ा महोत्सव मणिपुर 2015	50.00
	2016-17	मणिपुर संगाई महोत्सव और	50.00

		युवा एडवेंचर और जल क्रीड़ा महोत्सव	
	2017-18	मणिपुर संगाई महोत्सव और युवा एडवेंचर और जल क्रीड़ा महोत्सव	50.00
	2019-20	संगाई महोत्सव	25.00
		युवा एडवेंचर और जल क्रीड़ा महोत्सव	25.00
मेघालय	2016-17	वांगला नृत्य महोत्सव और नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव	42.22
	2017 - 18	वांगला नृत्य महोत्सव नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव और लासुबोन महोत्सव	50.00
	2018-19	वांगला नृत्य महोत्सव और नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव	50.00
	2019-20	वांगला नृत्य	25.00
		नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव	25.00
	2021-22	वांगला नृत्य	25.00
		नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव	25.00
	2022-23	वांगला नृत्य	25.00
		नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव	25.00
	2023-24	नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव	25.00
	2024-25	100 ड्रम वांगला नृत्य महोत्सव, 2024	25.00
		नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव, 2024	16.00
	2025-26	100 ड्रम वांगला नृत्य महोत्सव	40.00
		नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव	40.00
मिजोरम	2014-15	एंथुरियम महोत्सव	25.00
		थलफवांगकुट महोत्सव	25.00
	2015-16	एंथुरियम महोत्सव	25.00
		थलफवांगकुट महोत्सव	25.00
	2017 - 18	शीतकालीन महोत्सव	25.00
		चपचार कुट	25.00
	2018-19	चपचार कुट महोत्सव	25.00
	2019-20	एंथुरियम महोत्सव	25.00
		शीतकालीन महोत्सव	25.00
	2020-21	एंथुरियम महोत्सव	25.00
		शीतकालीन महोत्सव	25.00
	2021-22	एंथुरियम महोत्सव	25.00
		शीतकालीन महोत्सव	25.00
	2022-23	एंथुरियम महोत्सव	25.00
		शीतकालीन महोत्सव	25.00

	2024-25	शीतकालीन महोत्सव,2024	25.00
		लेट्लंपुई संगीत महोत्सव	25.00
	2025-26	मिज़ोरम यात्रा महोत्सव	30.00
		लेट्लंपुई संगीत महोत्सव	25.00
		शीतकालीन महोत्सव	25.00
नागालैंड	2014-15	हॉर्नबिल महोत्सव, 2014	25.00
	2016-17	हॉर्नबिल महोत्सव	25.00
	2017 - 18	सेक्रेनी महोत्सव, हॉर्नबिल महोत्सव, रेंगमा का नगादा महोत्सव	50.00
	2019-20	हॉर्नबिल महोत्सव	25.00
		थुवु-नी महोत्सव	10.00
		सुखरून्ये महोत्सव	15.00
	2021-22	हॉर्नबिल महोत्सव	20.00
		अंगामी का सेक्रेनी महोत्सव	10.00
	2022-23	अहुना महोत्सव	5.00
		रूण महोत्सव	5.00
		सेक्रेनी महोत्सव	5.00
		नागालैंड हाउस कोलकाता में शरदोत्सव	5.00
		नागालैंड हाउस नई दिल्ली में शरदोत्सव	5.00
		हॉर्नबिल महोत्सव	25.00
	2023-24	नागालैंड हाउस, नई दिल्ली में शरदोत्सव	10.00
		नागा विरासत विलेज, किसामा में व्यंजन एवं संगीत महोत्सव	25.00
	2024-25	नागालैंड हाउस में शरदोत्सव	30.00
		दीमापुर में पारंपरिक खाद्य और लोक संगीत महोत्सव	25.00
		त्ज़ुरंग वैली, मोकुचुंग जिले में सांस्कृतिक मेला	25.00
	2025-26	शरदोत्सव	25.00
		नागा कुश्ती	25.00
		सांस्कृतिक लोक और संगीत महोत्सव	30.00
सिक्किम	2015-16	विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक सिक्किम विंटर कार्निवाल, गंगटोक	44.00
	2016-17	विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक	25.00
		लाल पांडा शीतकालीन महोत्सव, गंगटोक	25.00
	2017-18	विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक	25.00
		लाल पांडा शीतकालीन महोत्सव, गंगटोक	25.00
	2018-19	विश्व पर्यटन दिवस	25.00
		लाल पांडा महोत्सव, गंगटोक	25.00
	2019-20	विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक	25.00

		लाल पांडा शीतकालीन महोत्सव	25.00
	2020-21	लाल पांडा शीतकालीन कार्निवल	25.00
		जोरेथांग माघी मेला	12.50
		पेलिंग शीतकालीन पर्यटन महोत्सव	12.50
	2021-22	चेरी टेमी चाय और पर्यटन महोत्सव, टेमी चाय बागान, दक्षिण सिक्किम	12.50
		खंगचेंदज़ोंगा विंटर कार्निवाल महोत्सव	12.50
		जोरेथांग माघी मेला	25.00
	2025-26	लामपोखरी महोत्सव	20.00
त्रिपुरा	2016-17	सिपाहीजला जिले के राजघाट, मेलाघर में नीरमहल महोत्सव गोमती जिले के माबारी, उदयपुर में देवली महोत्सव दक्षिण त्रिपुरा के जुलाइबारी संतिरबाजार में पिलाक महोत्सव	18.00
	2019-20	खारची मेला	25.00
		नीरमहल महोत्सव	2.00
		दिवाली मेला	15.00
	2020-21	भारत बांग्ला महोत्सव	25.00
	2022-23	नीरमहल महोत्सव	10.00
		दिवाली महोत्सव	5.00
		चबीमुरा महोत्सव	5.00
	2023-24	नीरमहल महोत्सव	9.80
		दिवाली महोत्सव	9.55
		चबीमुरा महोत्सव	3.00
	2023-24	नीरमहल महोत्सव	9.80
		दिवाली महोत्सव	9.55
		चबीमुरा महोत्सव	3.00
	2024-25	दिवाली महोत्सव	20.00
		चबीमुरा और तीर्थमुख महोत्सव	12.00
		अशोकाष्टमी महोत्सव	5.00
		चापचर कूट महोत्सव	5.00
	2025-26	नीरमहल महोत्सव	30.00
		दिवाली महोत्सव	30.00
		चबीमुरा और तीर्थमुख महोत्सव	20.00

****

अनुबंध-III

श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*308 के भाग (ग) से (च) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	उत्तर-पूर्वी 2014-15	भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास	49.77
2.	अरुणाचल प्रदेश	उत्तर-पूर्वी 2015-16	नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा-न्यू सगाली- जीरो-योम्चा का विकास	96.72
3.	असम	वन्यजीव 2015-16	मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास	94.68
4.	असम	विरासत 2016-17	तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास	90.98
5.	मणिपुर	उत्तर-पूर्वी 2015-16	मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल -खोंगजोम का विकास	72.23
6.	मणिपुर	आध्यात्मिक 2016-17	श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास	45.34
7.	मेघालय	उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17	उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास	99.13
8.	मेघालय	उत्तर-पूर्वी 2018-19	वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग-इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास	84.97
9.	मिजोरम	उत्तर-पूर्वी 2015-16	थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास	92.26
10.	मिजोरम	इको परिपथ 2016-17	इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास	66.37
11.	नागालैंड	जनजातीय 2015-16	जनजातीय परिपथ पेरेन- कोहिमा- वोखा का विकास	97.36

12.	नागालैंड	जनजातीय 2016-17	मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास	98.14
13.	सिक्किम	उत्तर-पूर्वी 2015-16	रंगपो (प्रवेश)-रोराथांग-अरितार- फादमचेन - नाथंग-शेराथांग-सोंगमो- गंगटोक - फोडोंग - मंगन-लाचुंग-युमथांग-लाचेन- थांगु - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास	98.05
14.	सिक्किम	उत्तर-पूर्वी 2016-17	सिंगटम-मका-टेमी - बेरमोइक टोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास	95.32
15.	त्रिपुरा	उत्तर-पूर्वी 2015-16	अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास	82.85
16.	त्रिपुरा	उत्तर-पूर्वी 2018-19	सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी-नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास	44.83

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**राज्य**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका एडवेंचर पार्क	05.03.2024	12.75
2.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका सांस्कृतिक हाट	05.03.2024	18.48
3.	अरुणाचल प्रदेश	नाचो	अनलॉक नाचो अभियान	05.03.2024	14.02
4.	असम	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड अनुभव	05.03.2024	26.68
5.	असम	जोरहाट	रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	05.03.2024	23.88
6.	मेघालय	सोहरा	वॉटरफॉल ट्रेल्स अनुभव	05.03.2024	27.61
7.	मेघालय	सोहरा	मेघालयन एज केव अनुभव	04.03.2024	32.45
8.	मिजोरम	चम्फाई	केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुहवम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट अनुभव	29.03.2025	38.85
9.	मिजोरम	चम्फाई	विरासत और सांस्कृतिक केंद्र,	29.03.2025	33.87

			चम्फाई		
10.	मिजोरम	आइजोल	सम्मेलन केंद्र का निर्माण	10.11.2025	99.71
11.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव	29.03.2025	32.54
12.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन अनुभव	20.08.2024	7.87
13.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव	05.03.2024	21.57
14.	सिक्किम	ग्यालशिंग	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस अनुभव	05.03.2024	15.41
15.	सिक्किम	गंगटोक	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	29.02.2024	22.60
16.	त्रिपुरा	अगरतला	अगरतला में त्रिपुरा विरासत गांव और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2)	29.03.2025	48.95

सीबीडीडी के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**राज्य**	**गंतव्य/श्रेणी**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	किभितो (जीवंत ग्राम कार्यक्रम)	किभितो सीमांत पर्यटन - शांति का प्रवेश द्वार	27.03.2025	4.96
2.	अरुणाचल प्रदेश	बिचोम बांध स्थल (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	बिचोम बांध साहसिक और इको-पर्यटन परियोजना	27.03.2025	9.90
3.	असम	शिवसागर (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	पाणिधिंग पक्षी अभयारण्य	27.03.2025	9.99
4.	मणिपुर	लंगथबल कोनुग, इंफाल (संस्कृति एवं विरासत)	मणिपुर की प्राचीन राजधानी, लंगथबल कोनुग का विकास	17.03.2025	24.69
5.	मेघालय	नर्तियांग गांव (आध्यात्मिक पर्यटन)	नर्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र	17.03.2025	24.87
6.	मेघालय	मावफलांग गांव (संस्कृति एवं विरासत)	मावफलांग सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र	17.03.2025	24.87
7.	नागालैंड	इम्पुर गाँव (आध्यात्मिक पर्यटन)	सोलफुल ट्रेल: इम्पुर विरासत अनुभव	17.03.2025	24.94

8.	नागालैंड	दोयांग जलाश्य (इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	विंग्स ओवर दोयांगः एक इको पर्यटन आश्रय स्थल	17.03.2025	9.99
9.	सिक्किम	काबी (आध्यात्मिक पर्यटन)	काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के माध्यम से एक यात्रा	17.03.2025	24.96
10.	सिक्किम	गनाथांग गाँव (जीवंत ग्राम कार्यक्रम)	वीरता की गूँज: गनाथांग घाटी अनुभव	17.03.2025	5.00

08.06.2026 तक एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	2024-25	पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट	46.48
2.	असम	2024-25	गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान	97.12
3.	असम	2024-25	शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	94.76
4.	मणिपुर	2024-25	लोकटक में लोकटक लेक एक्सपीरियंस	89.48
5.	मेघालय	2024-25	मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना	99.27
6.	मेघालय	2024-25	शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास	99.27
7.	सिक्किम	2024-25	नामची में स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग	97.37
8.	सिक्किम	2024-25	नाथुला में बॉर्डर एक्सपीरियंस	68.19
9.	त्रिपुरा	2024-25	गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क	97.70

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**राज्य**	**स्वीकृति तिथि**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	2020-21	परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास	37.88
2.	असम	2015-16	गुवाहाटी में और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थलों का विकास	29.80
3.	मेघालय	2020-21	मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	29.29
4.	मिज़ोरम	2022-23	मिज़ोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	44.89

5.	मिज़ोरम	2024-25	चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास	5.47
6.	नागालैंड	2018-19	नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	25.20
7.	नागालैंड	2022-23	जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास	18.18
8.	सिक्किम	2020-21	युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	33.32
9.	त्रिपुरा	2020-21	त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास	34.43

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**एजेंसी**	**परियोजना का नाम**	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**
1.	आईडब्ल्यूएआई	राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के चढ़ने/उतरने के 9 मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी का विकास	असम	2020-2021	28.03
2.	वैपकोस	आइजोल में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास	मिजोरम	2020-2021	39.94
3.	एनएचआईडीसीएल	उत्तर-पूर्वी राज्य में 22 व्यू पॉइंट का विकास (i) नागालैंड (2 व्यू पॉइंट) - 5.77 करोड़ रुपए। (ii) मेघालय (3 व्यू पॉइंट) - 6.26 करोड़ रुपये। (iii) मिजोरम (9 व्यू पॉइंट) - 12.78 करोड़ रुपये। (iv) अरुणाचल प्रदेश (4 व्यू पॉइंट) - 6.25 करोड़ रुपये। (v) मणिपुर (3 व्यू पॉइंट) - 5.93 करोड़ रुपये। (vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यू पॉइंट) - 3.70 करोड़ रुपए।	नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपाल सिक्किम/ पश्चिम बंगाल	2022-2023	44.44
4.	रेल मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन सुविधाओं का संयुक्त विकास	कामाख्या रेलवे स्टेशन	असम	2018-2019	4.96
5.		गुवाहाटी रेलवे स्टेशन	असम	2018-2019	4.99

******